पंजाब केसरी 01/04/2023



प्रतियोगिता में विजेता रही छात्रा को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज में किया भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अम्बाला छावनी, 31 मार्च (कोचर): जी.एम.एन. कॉलेज के प्लानिंग फॉर्म (योजना मंच) द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता और डा. सीमा कंसल के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सैमीनार हॉल में किया गया। डा. रोहित दत्त ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करने में सहायक सिद्ध होती हैं और उनको ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

भाषण प्रतियोगिता के विषय वित्तीय घोटाला, बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती हुई महंगाई, बजट 2023 आदि पर विद्यार्थियों ने अपने स्वविचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया।

निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सुरेंद्र कुंडू, डा. रवनीत कौर और डा. रितु गुप्ता ने निभाई। प्रथम पुरस्कार सुनिधि और काजल, द्वितीय पुरस्कार रितिका और सिमरनजीत कौर तथा तृतीय पुरस्कार खुशी और रिचु को दिया गया। विजेता विद्यार्थियों को सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मॉस कम्युनिकेशन विभाग की प्रो. सोनम ने किया।